**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**27.09.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे**

## मुख्य समाचार

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा– प्रदेश में जलक्रीड़ा गतिविधियों को व्यापक प्रोत्साहन दे रही है सरकार।
- लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने भारतीय रेलवे बोर्ड से प्रदेश में रेल नेटवर्क के विस्तार और स्मार्ट सिटी परियोजनाओं के कार्यों को गति प्रदान करने का किया आग्रह।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने स्ट्रीट वैंडर पॉलिसी को लागू करने के आदेश देने के बाद उस पर रोक लगाने के राज्य सरकार के फैसले को बताया निंदनीय।
- संजौली मस्जिद मामले को लेकर विभिन्न संगठनों ने शिमला में निकाला शांति सद्भावना मार्च– सभी से शांति बनाए रखने की अपील।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश में जलक्रीड़ा गतिविधियों को व्यापक प्रोत्साहन दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार के इस प्रयास से हिमाचल प्रदेश देश–विदेश के पर्यटकों की पहली पसंद बनकर उभरेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिलासपुर ज़िले में गोविंद सागर झील में इस वर्ष अक्तूबर के अंत तक पर्यटकों को क्रूज़ की सुविधा उपलब्ध करवा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि सुविधा संपन्न पर्यटकों को बेहतर हवाई सेवाएं सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बिलासपुर से मनाली व कुल्लू तक हैली टैक्सी सेवा शुरू की जाएगी। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि गोविंद सागर झील में ऊना ज़िला में जलक्रीड़ा गतिविधियां शुरू करने के लिए निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। इस वर्ष

के अंत तक इन गतिविधियों सहित अन्य साहसिक खेलों को शुरू करने का लक्ष्य तय किया गया है। उन्होंने कहा कि कांगड़ा ज़िला के पौंग बांध में भी साहसिक खेल गतिविधियां शुरू करने के प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि राज्य सरकार द्वारा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे अनेक प्रयासों से इस वर्ष करीब 2 करोड़ पयर्टकों के आने की उम्मीद है।

**विक्रमादित्य सिंह**

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज नई दिल्ली में भारतीय रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष व मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार से भेंट की। उन्होंने मुख्य कार्यकारी अधिकारी को उत्तर रेलवे से स्वीकृति मिलने में हो रहे विलम्ब के कारण हिमाचल प्रदेश विधानसभा जंक्शन पर फ्लाईओवर तथा विक्ट्री टनल के साथ पुल के निर्माण कार्य में हो रही देरी से अवगत करवाया। विक्रमादित्य सिंह ने मुख्य कार्यकारी अधिकारी से इस संबंध में शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया। विक्रमादित्य सिंह ने प्रदेश में रेलवे नेटवर्क के विस्तार, विशेषकर भानुपली–बिलासपुर रेलवे लाइन के बारे में भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि समय पर स्वीकृति न मिलने से स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत लोक निर्माण विभाग द्वारा निष्पादित किए जा रहे निर्माण कार्य बाधित हो रहे हैं। सतीश कुमार ने लोक निर्माण मंत्री के आग्रह पर संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्य आरम्भ करने और संबंधित बाधाओं का समाधान के निर्देश दिए।

**जगत सिंह नेगी**

राजस्व व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने आज किन्नौर ज़िला के निचार में खंड स्तरीय शिकायत निवारण समिति और 20 सूत्रीय कार्यक्रम समिति के तहत आयोजित बैठकों की अध्यक्षता की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से सीधा संवाद कर राज्य सरकार की विकासात्मक गतिविधियों को गति प्रदान करने के निर्देश दिए, ताकि पात्र लोगों को विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल सके। जगत सिंह नेगी ने कहा कि 20 सूत्रीय कार्यक्रम के तहत राज्य

सरकार ने नई योजनाएं शुरू की हैं, जिसमें पंचायतों के साथ मिलकर ग्रामीण विक्रय केंद्र व कृषि और असंगठित श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा शामिल है।

## बैठक

भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान के पहले चरण की समीक्षा बैठक आज शिमला के चक्कर स्थित पार्टी मुख्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने की, जबकि पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्षा व सदस्यता अभियान की क्षेत्रीय प्रभारी रेखा वर्मा विशेष रूप से मौजूद रहीं। इस अवसर पर रेखा वर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक ऐसी पार्टी है जो राष्ट्रीय व लोकतांत्रिक विचारधारा पर आधारित और बड़े पैमाने पर अनुसरण करने वाली पार्टी है। इस दौरान प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने बताया कि पार्टी का राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान चल रहा है, जबकि हिमाचल में इस सदस्यता अभियान का पहला चरण 25 सितंबर को हो चुका है। उन्होंने बताया कि 26 सितंबर तक सदस्यता अभियान के तहत करीब 10 लाख लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। बैठक में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार 29 सितंबर को सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 114वीं कड़ी होगी। मन की बात कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन. ए.आई.आर. मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारित किया जाएगा।

## जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने स्ट्रीट वेंडर पॉलिसी को लागू करने के आदेश देने और बाद में उस पर रोक लगाने पर प्रदेश सरकार की कड़ी निंदा की है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि राज्य सरकार कांग्रेस आलाकमान के दबाव में झुक गई है। जयराम ठाकुर ने कहा कि स्ट्रीट वेंडर पॉलिसी पूर्व सरकार के समय से चल रही थी और इसके तहत सभी दुकानदारों के सत्यापन और पंजीकरण के लिए विभिन्न प्रकार के प्रावधान किए गए थे। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सुक्खू सरकार जन भावना और कानून के विपरीत अपने आलाकमान के राजनीतिक मंसूबों को ध्यान में रखकर काम कर रही है और ये प्रदेश हित में नहीं है। उन्होंने सरकार से हिमाचल के हितों को प्रमुखता देने और प्रदेश का माहौल खराब करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

**सद्भावना मार्च**

शिमला के संजौली में अवैध मस्जिद मामले को लेकर उपजे विवाद को लेकर विभिन्न संगठनों ने आज सीटीओ चौक से लोअर बाजार होते हुए रिज पर स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा तक शान्ति सद्भावना मार्च निकाला। सद्भावना मार्च में वामपंथी व मुस्लिम संगठनों सहित कई अन्य लोगों ने शामिल होकर शांति का संदेश दिया। इस दौरान सीपीआईएम नेता संजय चौहान ने कहा कि शिमला में लंबे समय से सभी धर्मों के लोग आपस में मिलजुल कर रहते हैं लेकिन अब विवाद को लेकर माहौल खराब करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि सद्भावना मार्च में सभी समुदाय और संगठनों के लोग शामिल हुए हैं और लोगों से शांति की अपील की जा रही है। शांति मार्च में मुस्लिम वर्ग की ओर से शामिल हुए कुतुब मस्जिद के अध्यक्ष मोहम्मद पीरू ने कहा कि वह पिछले पच्चीस वर्षों से शिमला में रह रहे हैं और यहां पर आज तक कभी इस तरह का माहौल पैदा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि सरकार और प्रशासन बाहर से आने वाले सभी लोगों का सत्यापन करें ताकि यहां पर माहौल खराब ना हो।

**नियुक्ति**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर से लोकसभा सांसद अनुराग सिंह ठाकुर संसद की कोयला, खान और इस्पात मामलों के संसदीय समिति के अध्यक्ष बनाए गए हैं। अनुराग ठाकुर 31 सांसदों की इस संसदीय समिति की अध्यक्षता करेंगे। ये समिति संबंधित मंत्रालयों की नीति बनाने में अपने सुझाव देने, बजटीय प्रावधानों में देश व मंत्रालय हित में अपने मत रखने, मंत्रालयों की नीतियों व कामकाज पर संसद सदस्यों और केंद्रीय मंत्री के बीच अनौपचारिक चर्चा जैसे विषयों पर परामर्श देने का महत्वपूर्ण कार्य करती है। इस बीच राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन को संसदीय स्थायी समिति ऊर्जा का सदस्य नियुक्त किया गया है।

## रोष रैली

हिमाचल पैंशनर महासंघ के पैंशनरों ने आज सरकार के खिलाफ कुल्लू ज़िला के ढालपुर में रोष रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान पैंशनरों ने सरकार से वित्तीय सभी लंबित लाभ का भुगतान करने की मांग की। महांसघ के राज्य अध्यक्ष हिम्मत राम शर्मा ने कहा कि सरकार की अनदेखी और संवेदनहीनता के कारण पैंशनरों को सड़कों पर उतरना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार ने 23 हज़ार करोड़ रूपये का ऋण लिया है और कुप्रबंधन व फिजूलखर्ची से राज्य के खजाने को खाली किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इतना भारी ऋण लेने के बावजूद भी पैंशनरों के सभी वित्तीय लाभ लंबित हैं। इस बीच राज्य सचिवालय सेवाएं कर्मचारी महासंघ ने स्पष्ट किया है कि महासंघ ने अपना आंदोलन फिलहाल स्थगित किया है, लेकिन अपनी मांगों को लेकर वे अडिग हैं। महासंघ के अध्यक्ष संजीव शर्मा ने आज शिमला में संघ की एक बैठक के बाद ये बात कही।

## आरएसबाली

राज्य पर्यटन निगम के अध्यक्ष आरएस बाली ने कहा कि राज्य में पर्यटन को विकसित करने के लिए केंद्रीय विश्वविद्यालय सहित विभिन्न देश के प्रतिष्ठित संस्थानों के विशेषज्ञों के साथ समन्वय स्थापित कर नई पर्यटन

परियोजनाओं को धरातल पर उतारा जाएगा। केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला द्वारा पर्यटन सप्ताह पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोलते हुए उन्होंने कहा कि पर्यटन क्षेत्र प्रदेश की आर्थिकी की रीढ़ है और इसके माध्यम से प्रदेश के हजारों परिवारों को प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से आजीविका प्राप्त होती है। बाली ने कहा कि हिमाचल देश ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में पर्यटकों के लिए सबसे सुरक्षित पर्यटन गंतव्य के रूप में उभर कर सामने आया है। उन्होंने कहा कि पर्यटन सूचना केंद्रों को और भी सुदृढ़ किया जाएगा ताकि इन केंद्रों के माध्यम से पर्यटकों को सुचारू जानकारी मिल सके।

**अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर**

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा– प्रदेश में जलक्रीड़ा गतिविधियों को व्यापक प्रोत्साहन दे रही है सरकार।
- लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने भारतीय रेलवे बोर्ड से प्रदेश में रेल नेटवर्क के विस्तार और स्मार्ट सिटी परियोजनाओं के कार्यों को गति प्रदान करने का किया आग्रह।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने स्ट्रीट वेंडर पॉलिसी को लागू करने के आदेश देने के बाद उस पर रोक लगाने के राज्य सरकार के फैसले को बताया निंदनीय।

**और**

- संजौली मस्जिद मामले को लेकर विभिन्न संगठनों ने शिमला में निकाला शांति सद्भावना मार्च– सभी से शांति बनाए रखने की अपील।

.........................................